कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड़, लो0नि0वि0, दुगड़्डा–गढ़वाल

**Email Id :- eepwddugadda@rediffmail.com** **Phone & Fax. :-01382-251221**


पत्रांक 1798 / 9 सी० दिनांक 25/06/2020

सेवा में,

निदेशक
राजाजी टाईगर रिर्जव पार्क,
देहरादून

विषयः– माननीय मुख्य मंत्री जी की घोषणा सं0 155/2018 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर मे चीला–पशुलोक मोटर मार्ग पर गंगा भोगपुर के पास बीन नदी में 200 मी0 स्पान डबल लेन आर0सी0सी0 पुल निर्माण हेतु 0.510 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग दुगड्डा को प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि माननीय मुख्य मंत्री जी की घोषणा सं0–155/2018 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में चीला–पशुलोक मोटर मार्ग पर गंगाभोगपुर के पास बीन नदी में 200 मी0 स्पान डबल लेन आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0–2786/III(2)/18–36(एम0एल0ए0)/17 टी0सी0 दिनॉक 08/06/18 द्वारा लम्बाई 200.00 मी0 स्पान हेतु लागत रू0 29.67 लाख मात्र की प्रथम चरण हेतु प्राप्त हुई है।

प्रस्तावित सेतु चीला–पशुलोक मोटर मार्ग पर बीन नदी पर निर्मित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे चार धाम यात्रा कावड़ मेला, कुम्भ मेला एवं स्थानीय धार्मिक उत्सवो मे श्रद्वालुओ को हरिद्वार ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला आवागमन में सुलभता होगी एवं डाण्डामण्डल पट्टी में यमकेश्वर ब्लॉक के 27 गावों जो कि वर्षा ऋतु मे संयोजकता न रहने के कारण डाण्डामण्डल क्षेत्र मे ही रहने के लिये बाध्य हो जाते है। इस सेतु के निर्मित होने से क्षेत्रवासियो को वर्षाकाल मे भी ऋषिकेश एवं हरिद्वार से संयोजकता मिल जायेगी। जिससे क्षेत्र वासियो का सामाजिक व आर्थिक विकास होगा, तथा वर्षा काल मे भी आवश्यकता होने पर भी चिकित्सालय, ब्लॉक मुख्यालय, जिला मुख्यालय एवं राजधानी से संयोजका मिल जोयेगी। जिससे क्षेत्रवासियो को होने वाली जान–माल की क्षति से बचाया जा सकेगा।

उक्त स्वीकृति के सापेक्ष सेतु का निर्माण बीन नदी राजाजी टाईगर रिर्जव, वन प्रभाग की गोहरी–रेंज के कुनाऊ बीट,खदरी/बीन बीट की आरक्षित वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है, जिसके लिए 0.510 है0 आरक्षित वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन की आवश्यकता होगी। वन भूमि हस्तान्तरण हेतु दिनांक 20.01.2020 राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की सहमति प्राप्त कर ली गई हैं अग्रिम कार्यवाही हेतु यह प्रस्ताव गठित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सन्दर्भ मे अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्न :–प्रस्ताव 5 प्रति मे।**

for
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड़,लो0नि0वि0**
**दुगड़डा –गढ़वाल**

**पत्रांक ................/** **दिनांक / /2020**

प्रतिलिपि 1:– अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी को सूचनार्थ प्रेषित।
2:– सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड़्डा, मुख्यालय–लक्ष्मणझूला को सूचनार्थ प्रेषित।
3:–खण्डीय अमीन, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड़्डा, को सूचनार्थ प्रेषित।

25/6/2020

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड़,लो0नि0वि0**
**दुगड़डा –गढ़वाल**